जनपद हमीरपुर

दिनांक 21.09.2026

**अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा न्यायालयीन पैरवी करने वाले पैरोकारों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित।**

आज दिनांक 21.09.2026 को पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर ,अरविन्द कुमार वर्मा द्वारा जनपद के विभिन्न पुलिस थानों एवं कार्यालयों से माननीय न्यायालयों में नियुक्त पैरोकारों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करना।

बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी पैरोकारों से उनके कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा न्यायालयों में विचाराधीन महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक पैरोकार अपने-अपने थानों एवं संबंधित विवेचकों के साथ सतत समन्वय बनाए रखें, ताकि न्यायालय द्वारा मांगे गए अभिलेख, साक्ष्य एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज समय से उपलब्ध कराए जा सकें। उन्होंने कहा कि न्यायालय में प्रभावी पैरवी पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारियों में से एक है।

बैठक में गवाहों की समय पर न्यायालय में उपस्थिति सुनिश्चित कराने, न्यायालय द्वारा जारी समन, वारंट एवं अन्य आदेशों का समयबद्ध अनुपालन कराने तथा लंबित मामलों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पैरोकारों को निर्देशित किया गया कि वे प्रत्येक वाद की प्रगति का नियमित अभिलेखीकरण करें तथा अभियोजन अधिकारियों एवं संबंधित विवेचकों के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखें।



